तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

13 श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा...



14 भगवान की आकर्षक झांकी के साथ रामनवमी...





## खबर संक्षेप

### तीन माह में 286 गुम इंसानों की तलाश

**महासमुंद।** जिले में गुम हुए बालक, बालिका, महिला, पुरुषों की दस्तयाबी के लिए महासमुंद पुलिस ने 1 जनवरी से 30 मार्च तक विशेष अभियान चलाया, सभी थाना क्षेत्रों से अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा राज्य के अंदर और दीगर राज्य ओड़िशा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर से 58 बालिका, 2 बालक, 174 महिला, 52 पुरुष, कुल 286 गुम इंसान की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। इस पूरे अभियान में वरिष्ठ आरक्षकों का विशेष योगदान रहा। युक्क युवतियों के परिजनों ने कहा कि पुलिस की मदद से हमसे बिछड़े मिले। बच्चों को ढूंढ़कर परेशान हो चुके थे। रिश्तेदारों के यहां भी पतासाजी की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया था। कुछ परिजनों ने कहा कि हम तो पूरी तरह से उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की इस पहल से हमारे घर में फिर से खुशियां लौट आई। लोगों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# ओवरब्रिज की नींव पड़ी, पोल शिफ्टिंग के बाद ही आएगी निर्माण में गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएच 353 में बेलसोंडा के पास ओवरब्रिज निर्माण की आधारशिला तो रखी जा चुकी है लेकिन, अब तक विद्युत पोलों को नही हटाए जाने के कारण और शिफ्टिंग में होने वाली देरी ब्रिज निर्माण की भी समयावधि को प्रभावित करेगी।

बता दें कि 58 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। पेड़ों की शिफ्टिंग पहले हो जाने के बाद विद्युत पोलों की शिफ्टिंग अब नहीं हो पाई है। ज्यादातर पोल रेलवे ट्रैक के आस-पास ही हैं। आस-पास से विद्युत लाइनें भी गई हुई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार विद्युत पोल हटाने के लिए डिमांड नोट भेजा जा चुका है। शीघ्र ही इसे हटाया जाएगा। ओवरब्रिज बनाने में लगभग एक से डेढ़ साल का समय लग सकता है। बेलसोंडा के इंडोर स्टेडियम के पास से ओवरब्रिज के लिए रास्ता तैयार किया जा चुका है।

नेशनल हाइवे से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई 2023 को टेंडर जारी किया था और लगभग डेढ़ साल बाद धरातल पर काम प्रारंभ हो चुका है। ब्रिज लगभग 125 मीटर का होगा। सड़क एक किमी की होगी। रेलवे ट्रैक के ऊपर गर्डर चढ़ाया जाएगा। ओवरब्रिज बन जाने से वर्तमान रेलवे क्रासिंग से होकर नहीं जाना पड़ेगा। लोगों के समय की भी बचत होगी। बेलसोंडा इंडोर स्टेडियम के पास से ही ब्रिज प्रारंभ हो जाएगा और नेशनल हाइवे से जुड़ेगा। लोगों को हर 15 मिनट में यहा लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। कई बार रेलवे क्रासिंग में भारी वाहन फंस जाते थे।

## 58 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से ओवरब्रिज का होगा निर्माण

### मार्ग पर रोशनी भी पर्याप्त नहीं

कुछ माह पूर्व खरोरा से घोड़ारी तक सड़क किनारे लाइट लगाई गई थी। रात में ज्यादतर लाइट जलती नहीं हैं। मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है। इसके बाद भी मार्ग को प्रकाशमय करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बेलसोंडा के आस-पास कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।



### नींव बनने के बाद निर्माण में आएगी तेजी

नेशनल हाइवे के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि विद्युत पोलों की शिफ्टिंग का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। शीघ्र ही शिफ्टिंग की जाएगी। नींव का कार्य आधा पूर्ण हो चुका है। नींव बनने के बाद ओवरब्रिज के कार्य में तेजी आएगी। ओवरब्रिज का काम पूर्ण होने से एक से डेढ़ साल का समय लग सकता है।

## मर्डर : रामनवमीं के जुलूस के दौरान मामूली विवाद पर की हत्या

# अनजाने में हुई भूल के लिए बालक माफी मांगता रहा पर चाकू मार हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामनवमी के जुलूस के दौरान उपजा मामूली विवाद इतना बढ़ा कि एक छात्र की हत्या हो गई। दरअसल, डीजे में नाचने के दौरान मृतक के हाथ में पहना हुआ कड़ा अन्य के सिर पर लग गया। मिली जानकारी के अनुसार अनजाने में हुई इस गलती के लिए मृतक माफी मांगता रहा। लेकिन, उसे पहले बेदम होते तक पीटा गया फिर चाकू घोंपने और जमीन पर गिर जाने के बाद भी नृशंसता पूर्वक मारपीट की जाती रही।

बता दें कि युवक की पहचान एक स्कूली छात्र के तौर पर की गई है जो शहर के गुड शेफर्ड स्कूल में 12वीं का छात्र है। वेदांश चंद्राकर दुर्ग निवासी है और इमलीभाठा में रहकर 12 वीं की पढ़ाई कर रहा था। हाल ही में उसने 12वीं की परीक्षा दी थी। धारदार हथियार से हुई हत्या के इस मामले में पुलिस एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मृतक के पिता गोरखापार दुर्ग निवासी विजय चंद्राकर ने बताया कि उनका पुत्र वेदांश चंद्राकर (17) महासमुंद के इमलीभाठा में रहकर गुड शेफर्ड स्कूल में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत था हाल ही में उसने परीक्षा दी थी। रविवार रात करीब 12 बजे उसके दोस्तों ने फोन पर जानकारी दी कि किसी ने वेदांश को चाकू मार दिया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वह काफी होनहार था और किसी से उसकी रंजिश थी ऐसी कोई जानकारी भी हमें नहीं थी। मामले में कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक घायल अवस्था में दादाबाड़ा के पास पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सुबह शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया।



मृतक वेदांश

### हर पहलू पर हो रही जांचः टीआई

प्रभारी श्री दुबे ने बताया पीएम में प्राथमिक तौर पर यह बात सामने आई है कि युवक की हत्या किसी नोंकदार हथियार से उसके हृदय स्थल पर वार किया गया जिससे उसकी मृत्यु हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। विवाद के सभी पहलू पर जांच की जा रही है।

# जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का विधायक ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा खरोरा स्थित जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने ओपीडी काउंटर, वार्डों में भर्ती मरीज व उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही अलग- अलग विभागों में जाकर अस्पताल के स्टाफ से भी कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को मरीजों की सही देखरेख, समुचित इलाज उपलब्ध कराने की हिदायत दी। साथ ही गर्मी को देखते हुए अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया। सबसे पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ओपीडी काउंटर के पास पहुंचे और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीज व उनके परिजनों से बातचीत की। साथ ही जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं से भी हालचाल जाना। इसके पश्चात वे अलग-अलग वार्डों में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंचे। चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारी ली। साथ ही परिजनों से भी अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इसके पश्चात वें अलग अलग विभागों में पहुंचकर स्टाफ व चिकित्सकों से मिले। उन्हें भी निर्देशित करते हुए मरीजों की सही देखभाल और इलाज देने कहा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना साहू, पप्पू ठाकुर, गिरधर यदु, पार्षद विजय साव, पवन साहू, मोहन साहू उपस्थित रहे।

# राम जन्मोत्सव पर मुख्यालय में गूंजा...जय हनुमान ज्ञान गुन सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामनवमी के अवसर पर रविवार देर शाम शहर के सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में देर शाम अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। रामदेव बाबा म्यूजिक ग्रुप की भजन मंडली के साथ भक्तों ने लगातार एक घंटे सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा पुस्तिका का भी वितरण किया गया। इसके पूर्व दिन भर चले विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला में दोपहर 12 बजे तक श्री सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में अतिशबाजी कर राम जन्मोत्सव मनाया गया। पश्चात दोपहर साढ़े 12 से शाम 5 बजे तक आम भंडारा में शहरवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। शाम 4 से करीब 7 बजे तक मानस मंडली महासमुंद ने भजन-कीर्तन किया। जिसके पश्चात देर शाम बाद बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा महापाठ की शुरूआत हुई।

**कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता :** कार्यक्रम में संतोष शुक्ला, सुरेंद्र स्वामी, चंद्रशेखर साहू, बद्रीनारायण माहेश्वरी, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, जितेंद्र इदीकर, धरम भार्गव, अनूप उपासे, अजय साहू, हेमंत साहू, सौरभ बाफना, धीरेंद्र लोणारे, घनश्याम सोनी, प्रशांत श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह बंटी, संजय साहू, जगमोहन चंद्राकर, मदन प्रकाश शर्मा, कुंदन वैष्णव सहित मंदिर समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना के दो मामलों में दो लोगों लोगो की मौत हो गई। कोतवाली अंतर्गत घोड़ारी में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नदी चौक ग्राम घोड़ारी के पत्थर खदान में काम करने करने वाला लक्ष्मण खंडेलवाल 5 अप्रैल को खदान मजदूरी लेने आया था। मजदूरी लेकर वापस शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 सीजेड 8142 से कांपा जा रहा था। एनएच 53 रोड कर्नेल ढाबा ग्राम घोड़ारी के पास पहुचने पर ग्राम बरबसपुर की ओर से विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3853 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से लक्ष्मण खंडेलवाल के सिर, कंधे, कमर एवं बांया पैर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। एक्सीडेंट के दूसरे मामले में पटेवा थाना अंतर्गत एनएच 53 पर एक बाइक चालक की दुर्घटना में मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि मृतक नेमीचंद साहू पिता किशन लाल साहू (36 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको थाना पटेवा जिला महासमुंद का मर्ग जांच की गई।। जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाह रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू ने पूछताछ में बताया कि 5 अप्रैल को रेखचंद साहू, जितेंद्र साहू मोटर सायकल से छछान माता मंदिर दर्शन करने गये थे, दर्शन करने के बाद छछान माता चौक के पास खड़े थे, उसी समय गांव का नेमीचंद साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 5266 में करणी पावर प्लांट तुमगांव से काम करके वापस ग्राम चिरको जा रहा था। जिसेसे मुलाकात होने पर तीनों अपनी-अपनी मोटर सायकल से ग्राम चिरको जा रहे थे। शाम करीबन 6.45 बजे पीर बाबा के सामने ग्राम नवागांव के पास पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 एन 4520 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर नेमीचंद के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में नेमीचंद साहू के सिर एवं शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोट आई। जिसे ईलाज के लिए सीएचसी तुमगांव ले जाया गया। जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।





# केशव पैनल के सभी सदस्य निर्विरोध जनपद सभापति निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में सोमवार को सभापति चुनाव संपन्न हुआ। जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी 09 सभापति में केशव पैनल के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जनपद सभा गृह में सुबह 10ः बजे से सुबह केशव पैनल के सदस्य ही पहुंचे और दूसरा पक्ष नहीं पहुंचने के कारण सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। केशव नायकराम में चंद्राकर पदेन सभापति सामान्य प्रशासन, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार पदेन सभापति शिक्षा विभाग, महिला बाल कल्याण समिति सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर, वन समिति सभापति तुलाराम ठाकुर, कृषि स्थाई समिति गरिमा केशव चंद्राकर, लोकनिर्माण समिति सभापति भुमिका रामलाल सिन्हा, उद्यानकी समिति सभापति गीता दीवान, स्वच्छता समिति सभापति भगवती ठाकुर, सहकारिता उद्योग समिति सभापति थनेश्वरी प्रहलाद साहू, संचार संकर्म समिति सभापति दिव्या उपेंद्र दीवान, स्वास्थ्य समिति सभापति लताकुमारी जनकराम कुम्हार सभापति निर्वाचित हुए।

## मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों पर कार्रवाई का एएसपी पांडेय ने दिया ब्यौरा

# एएनटीएफ गठन के बाद 47 मामलों में 1431 किलो से अधिक गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद से अब तक 47 प्रकरणों में कुल 1431 किलो से अधिक गांजा पकड़ाया है। गांजा परिवहनकर्ता के साथ ही गांजा कहां से लाया जा रहा है और कहां पहुंचाया जाना है इसकी जांच कर आरोपियों को पकड़ने में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को लगातार सफलता मिल रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने आज पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों को बताया कि जिले से पिछले कई वर्षों से अनेक माध्यमों से गांजे की तस्करी जारी थी। इस पर लगाम लगाने और गांजा तस्कर सहित गांजा किसके पास से लाया गया और किसके पास जाना है वहाँ तक पहुंचने के लिए सितंबर 2024 में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया। तब से लेकर अब तक जिले में गांजा के विरुद्ध 47 प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें 88 लोगों से कुल 1431.93 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 2 करोड़ 32 लाख 20 हजार 325 रुपए है। इसके अलावा 600 नग नशीली टैबलेट, 120 नग कफ सीरप, 200 नग एम्पुल तथा अफीम पोस्ट डोडा 2240 किलो कीमत 2 लाख 26 हजार 600 रुपए एवं 44 नग वाहन कीमत 1 करोड़ 71 लाख 45 हजार रुपए इस तरह (कुल कीमत 4 करोड़ 3 लाख 5 हजार 325 रुपए) जब्त कर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। उक्त सभी प्रकरण में महाराष्ट्र ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व अन्य राज्यों के आरोपी गिरफ्तार हुए हैं।





### एक सप्ताह में छह प्रकरण, 15 गिरफ्तार

एएसपी पांडे ने बताया कि नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने पिछले एक सप्ताह में गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों के छह प्रकरण दर्ज किए हैं जिसमें कुल 15 आरोपियों के कब्जे से 265 किलो गांजा, 6 सौ नग नशीली टेबलेट, 220 नग एम्पुल कुल 39 लाख 88 हजार 360 रुपए व 15 वाहन जब्त किया गया है। इस संबंध में एनटी नारकोटिक्स की प्रभारी प्रतिभा चंद्रा ने बताया कि उक्त प्रकरणों में थाना बसना में 4 आरोपियों के कब्जे से 600 नग नशीली टेबलेट व 1 किलो गांजा बरामद किया गया। इसी प्रकार पिथौरा थाने में 4 आरोपियों के कब्जे से 152 किलो गांजा, सिंघोड़ा थाना से दो आरोपियों से 22 किलो गांजा इसी थाने से दो आरोपियों से 20 किलो गांजा अन्य एक मामले में दो आरोपियों से 26 किलो गांजा तथा तुमगांव थाना अंतर्गत एक आरोपी से 5.14 किलो गांजा बरामद किया गया।

### हेल्प लाइन नंबर पर दें सूचनाः एएसपी

एएसपी प्रतिभा पांडे ने जिले के निवासियों से अपील की है कि जिले में मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए कोई भी व्यक्ति नेशनल हेल्प लाईन 1446 एवं मानस हेल्प लाइन नंबर 1933 पर गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सूचना दे सकता है।

# महासमुंद में बनेंगी 33 नई सहकारी सोसायटियां

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग के तहत "प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025" को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है। जिलेवार पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके अंतर्गत महासमुंद जिले में 33 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखाएँ एवं अन्य हितधारी 08 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक अपनी दावा-आपत्तियां तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुंदे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की समस्त महासमुंद जिले की शाखाएं, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र महासमुंद से प्राप्त एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है। यदि कोई आवेदक दावा-आपत्ति के निराकरण से संतोषजनक नहीं है, तो वह 07 दिवस के भीतर संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं रायपुर, लालगंगा शॉपिंग मॉल के सामने, जी.ई. रोड रायपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 अप्रैल गुरुवार को होगी। 9 अप्रैल को जिलास्तरीय बैठक रखी गई है। बैठक में 13 अप्रैल को होने वाले प्रांताध्यक्ष चुनाव संबंधी एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य ने की है।

### नवमी में प्रवेश के लिए होगी प्राक्चयन परीक्षा

**धमतरी।** प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थी 20 अप्रैल तक विभागीय वेबसाईट पर क्लिक कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र पूरी तरह से डाउनलोड करना होगा और उसमें पासपोर्ट साइज के रंगीन नये फोटोग्राफ्स चिपकाकर प्रिंट आउट परीक्षा केन्द्र में ले जाना होगा।

### सेमरा में हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सेमरा (सी) सिलौटी में नवयुवक जय बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल शनिवार को रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता श्रीमती गितेशवरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी, सतीश जैन, छबिलेश सिन्हा, दुलार सिन्हा, राम गोपाल देवांगन, भोलाराम साहू, सिर्फ पिंटू राव शिंदे, अमित अग्रवाल, चोवाराम साहू, खेमलाल देवांगन, श्रीमती प्रीति साहू, श्रीमती उर्वशी चांद, सुधीर बल्लाल, यशवंत शुक्ला, चंद्रहास सिन्हा, श्रीमती सविता गंजीर, श्रीमती खिलेश्वरी निषाद उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### जयकर गोण्डाने



**महासमुंद।** शहर के क्लब पारा निवासी एवं नगर पालिका के सेवानिवृत्त लिपिक जयकर गोण्डाने का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्यगत परेशानीयों से जूझ रहे थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सतीश गोण्डाने एवं कृष्णा गोण्डाने के पिता और सानिध्य एवं धैर्य के दादा थे।

### सुरेश अग्रवाल



**बागबाहरा।** स्थानीय निवासी सुरेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन 7 अप्रैल को हो गया। वे पुस्कर के अनुज एवं नरेश (पिथौरा) के अग्रज तथा प्रशांत अग्रवाल (टोनु) के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को दोपहर 1.00 बजे पेट्रोल पंप के पीछे मुक्तिधाम को जाएगा।

# महतारी सदन निर्माण के भूमिपूजन में विधायक डॉ. संपत हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम खेमड़ा में महतारी सदन भवन निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने पूरे विधी विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि ग्राम खेमड़ा में अब माताओं एवं बहनों के लिए यहां पर महतारी सदन भवन का निर्माण होगा जिसमें यहां के सभी माताओं बहनों को किसी भी सार्वजनिक कार्य करने और बैठने के लिए बहुत सुविधा होगी। बसना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सशक्त नेतृत्व में भाजपा सरकार नारी शक्ति के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन हेतु निरंतर प्रयासरत है। महतारी सदन के माध्यम से महिलाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त वातावरण सुनिश्चित होगा साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने आगे कहा की जहां पर नारी शक्ति और मातृशक्ति का सम्मान होता वही पर देवी-देवताओं के साथ समृद्धि और खुशहाली का वास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान रहा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, किशोर दास महाराज, सरपंच उषा दुर्योधन पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, जनपद पंचायत बसना एसडीओ नयन प्रधान, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, भवन निर्माण ठेकेदार मोनू खैरानी, इंजीनियर संदीप कुमार, इमरान मेमन, परमानंद बांक, दीपक शर्मा, प्रशांत बेहरा, उपेंद्र बांक, चंद्रहास बांक, चंद्रपाल पटेल, यशपाल बगर्ती सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के सचिव आफरीन बानो द्वारा महासमुंद शहर बागबाहरा रोड स्थित बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय तथा नयापारा दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम पहुंचकर उपस्थित वृद्धजनों के उनके हालचाल व दी जा रही सुविधाओं के बारे में परख की। साथ ही वृद्धजनों को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे अभियान करूणा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए माता पिता भरण-पोशण अधिनियम के भी बारे में बताया। आश्रम में दी जा रही मूलभुत सुविधाओं से भी अवगत हुए। आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने बागबाहरा रोड स्थित बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले शिक्षा, क्रीड़ा, मनोरंजन के साधन तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों का रहन-सहन, साफ-सफाई, भोजन एवं स्वस्थ्य तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधी चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव आफरीन बानो द्वारा विशेष रूप से विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों को उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल करने के निर्देश दिए।

# स्टेट कूड़ो चैंपियनशिप में उपेंद्र व मीरा ने जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




तीसरा छत्तीसगढ़ स्टेट कूड़ो चैंपियनशिप कप 2025 का आयोजन कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग में 4 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया। जिला कूड़ो एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष मीरा पंडा ने बताया कि महासमुंद जिले के 8 खिलाड़ी शामिल हुए। शामिल खिलाड़ियों में उपेंद्र प्रधान, राकेश साहू, वामदेव ठाकुर, मीरा पंडा, संजना मुन्ना, पूनम साहू, तिलोत्तमा भोई एवं पायल साहू ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के खिलाड़ियों ने 07 पदक जीतने में कामयाब रहे। पुरुष वर्ग में उपेंद्र प्रधान ने स्वर्ण पदक जीता। राकेश साहू ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में मीरा पंडा ने स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही, संजना मुन्ना ने अंडर 16 आयु वर्ग के 50 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीता, पूनम साहू ने 16 से 19 आयु वर्ग में कांस्य पदक जीता। तिलोत्मा भोई ने 16 से 19 आयु वर्ग में रजत पदक जीता, पायल साहू ने 15 वर्ष आयु वर्ग के 39 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीतने में सफल रही। पदक जीतने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, समीर पांडे, डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. विकास अग्रवाल, जिला कूडो एसोसिएशन महासमुंद के खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सुशासन तिहार का प्रचार-प्रसार करें : नपा उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगरपालिका के कक्ष में आज प्रथम दिन नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सालेम के साथ सुशासन तिहार 2025 पर चर्चा की गई और सीएमओ को निर्देशित किया गया कि छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का निर्देश है कि सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में करना है प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक प्रात 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय नगरपालिका महासमुंद में आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन प्राप्त किया जाना है। शहर के 30 वार्ड में सुशासन तिहार के तहत समस्याओं से संबंधित आवेदन करने के लिए मुनादी कराई जाए बैनर पोस्टर लगाकर प्रचार करे तथा न.पा. के अधिकारी-कर्मचारी शिविर समय में आवेदन लेने के लिए उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित किया जाए । राठी ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण 1 माह के भीतर द्वितीय चरण में किया जाना है । तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक वार्ड में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है।

राठी ने शहर की जनता से अपील करते हुए कहा कि समस्याओं को लेकर आप न.पा. कार्यालय में प्रत्यक्ष तौर पर या ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है साथ ही सभी पार्षदों से निवेदन किया है कि अपने वार्डों में सक्रियता से समस्याएं को उठाकर नगरपालिका तक भेजे । द्वितीय एवं तृतीय चरण में समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सी. एम. ओ. से यह भी कहा गया कि सभी वार्डों के लिए समस्या पेटी बनाएं जिसमें लोग अपनी समस्याओं का आवेदन डाल सके ।

# खरोरा में आयोजित किया जा रहा पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामनवमी पर पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन समारोह का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम खरोरा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, रामायण मंडली के अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, गीता चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, लता चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, कलिंदरी चंद्राकर, शांताबाई चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, मोतीलाल चंद्राकर, गजाधर चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, ज्ञानिक यादव, भूषण चंद्राकर इस भक्तिमय आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं। रामायण मंडली के विभिन्ना हिस्सों से आ रहे मानस मंडलियों द्वारा भगवान राम की कथाओं को अलग-अलग प्रसंगों के माध्यम से प्रवचन और भजनों के जरिए प्रस्तुत किया जा रहा है। वहीं बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण कथा स्थल में पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं व भक्ति भाव से कार्यक्रम का आनंद उठा रहे हैं। 6 अप्रैल को शाम चार बजे जय मानस मंडल के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामकथा की तत्पश्चात स्थानीय मानस मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुती दी गई। उसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे आगंतुक मानस मंडलियों द्वारा राम के जीवन प्रसंगों को गीत संगीत और प्रवचन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। रात नौ बजे नव जागृति मानस परिवार की शानदार प्रस्तुति हुई। कथा प्रसंग में टीकाकार ने कथा के दौरान राम जन्म एवं बालकांड पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रामायण एक दर्पण की तरह है। जिस प्रकार हम दर्पण में देखकर अपना चेहरा सजाते हैं और कमियों को दूर करते हैं। ठीक उसी तरह रामायण रूपी दर्पण से हम अपना जीवन संवार सकते है और बुराइयों को दूर कर सकते है। ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन में मंच का संचालक चमन मानिकपुरी ने किया

# लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में जिला न्यायाधीश ने ली बैंक अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिस संबंध में आज अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा जिला न्यायालय के सभाकक्ष में प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आहूत किया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो के द्वारा जानकारी दी गई कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित तथा सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद तथा बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तालुका स्थित सभी न्यायालयों में खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन से संबंधित प्रकरण निराकरण किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक के प्रकरण रखे जाने के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर प्री लिटिगेशन प्रकरण के रूप में चिन्हांकित प्रकरणों में बढ़ोत्तरी करते हुए सर्वसंबधित विभाग वित्तीय संस्थानों के साथ प्री-सीटिंग, सहयोग एवं उनसे समन्व स्थापित कर तथा लोक अदालत में रखे जाने वाले चिन्हांकित प्रकरणों के पक्षकारों को समय पूर्व सूचनाओं एवं वरिष्टजनों से संबंधित प्रकरणों का भी आपसी समझौते व राजीनामा के आधार पर निराकृत कराने के निर्देश दिए।

# तुलसी वर्षा और हवन के साथ भागवत प्रवचन की पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा चैत्र नवरात्र में खल्लारी मंदिर परिसर में श्री भगवत महापुराण ज्ञान यज्ञ उपरांत श्रीमद भागवत गीता के प्रबंधन के व्यास पीठ में कथा वाचक पंडित मिथलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भागवत गीता मानव जीवन से संबंधित ज्ञान का एक संकलन है। जो भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को महाभारत के युद्ध क्षेत्र में सुनाई थी। कर्तव्य पथ से विचलित होकर अर्जुन कर्तव्य विमुख हो रहे थे आज से लगभग सात हजार वर्ष पहले सुनाई गई थी। इसकी खासियत यह है कि जितना जीवन उपयोगी पहले था उतना आज भी है। जब तक इस धरती पर मानव जीवन का अस्तित्व रहेगा ये गीता उपदेश महाभारत युद्ध क्षेत्र में रविवार दिन मार्ग शीर्ष मास शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को सुनाया गया। इसलिए हमारे हिन्दू सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है पुराणों के अनुसार 45 मिनट में सुनाया गया इसमें कुल 18 अध्याय 700 श्लोक जिसमे कर्म ज्ञान भक्ति योग कि विसरित व्याख्या की गई है इन मार्गों पर चलने पर व्यक्ति परमपद अर्थात प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का अधिकारी बन जाता है। अर्जुन के अलावा युद्ध के क्षेत्र में इस गीता उपदेश को संजय व धृतराष्ट्र ने सुना है। इस गीता उपदेश को अर्जुन से भी पहले सूर्य को किया था। श्रीमद भागवत गीता हमारे महाभारत पुराण का एक शांति पर्व का एक अध्याय है। इसके गिनती उपनिषदों में होती है। जिसमें 574 श्लोक भगवत श्री कृष्ण ने गाया। अर्जुन ने 40 संजय व एक धृतराष्ट्र ने गाया है। भागवत गीता में बताया कि जीत अंत में सत्य की होती है। इस प्रकार कथा के पश्चात गांव में भव्य शोभा यात्रा, महाराजजी का स्वागत, भागवत पुराण बाजा गाना के साथ भ्रमण किया। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# पति की मौत के बाद टूटा मुसीबतों का पहाड़

**धमतरी।** पंचवटी कालोनी रत्नाबांधा निवासी व्यवसायी महेश दुलानी की मौत के बाद उसके पत्नी और बच्चों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। नामीगिरामी बैंक एवं फाइनेस कंपनी ने बीमा का लाभ देने के बदले घर का कब्जा वारंट निकाल दिया है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंची स्व. दुलानी की पत्नी रानी दुलानी ने कहा है कि बैंक और प्राइवेट फाइनेंस कंपनी की प्रताड़ना से वे मानसिक रुप से परेशान हैं। उसे न्याय नहीं मिला तो अपने तीन बच्चों के साथ इच्छामृत्यु के अलावा उसके पास कोई रास्ता नहीं है। कलेक्टर के नाम दिए गए आवेदन में रानी दुलानी ने कहा है कि तीन हाइवा और एक एक्टिवा का प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में 35 लाख रूपए का फाइनेंस था। जिसकी 60 हजार रूपये मासिक किस्त थी। यह किस्त उसके पति के खाते से कटती थी। पति की मौत के बाद फाइनेंस कंपनी ने उसे किसी प्रकार की जानकारी नही दी।

# दिल्ली के जंतर-मंतर में पंचायत सचिव करेंगे आवाज बुलंद






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिछले 20 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे ग्राम पंचायत सचिवों ने मंत्रालय घेराव के कार्यक्रम में संशोधन किया है। अब प्रदेश सचिव संघ के सदस्य आंदोलन की रणनीति बदलते हुए दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार को ग्राम पंचायत सचिव गांधी मैदान से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की रूपरेखा की सूचना दी। ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों में सेवा दे रहे हैं। 7 जुलाई को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिव के शासकीयकरण को आवश्यक बताते हुए कमेटी गठन की घोषणा की है। 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने समिति गठन कर 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा था। संघ को पूरा विश्वास था कि बजट सत्र में सचिवों को शासकीयकरण करने की सौगात मिलेगी लेकिन इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा कोई पहल नहीं होने से प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध और आक्रोशित हैं।

- **शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, आंदोलन की रणनीति बदली**

### जनपद से जंतर- मंतर तक आंदोलन होगा

संघ 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ ने कहा कि सरकार ने हड़ताल अवधि में पंचायत सचिवों को छले जाने के लिए पुनः समिति का गठन किया है, जिसमें समय सीमा का कोई जिक्र नहीं है। संघ ने बताया कि 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव के कार्यक्रम को स्थगित कर हड़ताल की नई रणनीति तय की गई है, जिसमें 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन, 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन, 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान कर विरोध प्रदर्शन, 10 अप्रैल को हड़ताल पंडाल स्थल पर महावीर जयंती, 11 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल को सद्बुद्धि हनुमान चालीसा पाठ, 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने, 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली के लिए रवाना, 21 अप्रैल से मांग पूरी होने तक जंतर-मंतर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

## दाखिल खारिज और आधार कार्ड में नाम मैच नहीं हो रहा

# अब तक नहीं बनी सभी छात्रों की अपार आईडी


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षण सत्र अब समाप्त होने वाला है, लेकिन अब तक छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम पूरा नहीं हुआ है। अब तक 82.86 प्रतिशत छात्रों की ही अपार आईडी बन पाई है। वहीं 160 छात्र ऐसे हैं, जिनका आधार और दाखिल खारिज में नाम मिस मैच होने के कारण फार्म रिजेक्ट हो गया है। ऐसे ही नाम मिसमैच होने के कारण बड़ी संख्या में छात्रों की आईडी नहीं बन पा रही है।

छात्रों को डिजिटल पहचाने देने और प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप से कैरी करने की सुविधा देने के लिए हर छात्र की अपार आईडी बनाई जा रही है। इस आईडी के जरिए छात्रों को यूनिक पहचान मिलेगी। हर छात्र की एक यूनिक आईडी होगी, लेकिन अपार आईडी बनाने में कई प्रकार की समस्याएं आ रही है। सबसे बड़ी समस्या नाम को लेकर है। अपार आईडी बनाने में आधार कार्ड को बेस बनाया गया है। विडंबना यह है कि स्कूल के दाखिल खारिज और आधार कार्ड के नाम आपस में मैच नहीं हो रहे हैं, जिसके चलते इन छात्रों की आईडी नहीं बन पा रही है। दाखिल खारिज रजिस्टर को स्थायी दस्तावेज माना जाता है। इसलिए छात्रों को सलाह दी जा रही है कि वे आधार कार्ड में नाम सुधरवा लें। अब आईडी बनाने के लिए छात्र और पालक आधार कार्ड में नाम सुधरवाने भटक रहे हैं।

### 26 हजार छात्रों की नहीं बनी आईडी

जिले में प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक कुल 1717 स्कूल हैं। इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 1 लाख 54 हजार 171 है। अब तक इनमें से 1 लाख 27 हजार 749 छात्रों की अपार आईडी बन गई है। जबकि 26 हजार 422 छात्रों की आईडी नहीं बन पाई है। सबसे ज्यादा धमतरी विकासखंड में 42 हजार 580 छात्रों की आईडी बनी है। कुरूद में 38 हजार 46 मगरलोड में 19 हजार 241 और नगरी विकासखंड में 27 हजार 722 छात्रों की आईडी बनी है।




### बनाने के लिए दबाव नहीं

अपार आईडी कार्ड हर छात्र की यूनिक पहचान है। इसके आधार पर अधिकारी ट्रेस कर पाएंगे कि छात्र किस स्कूल में पढ़ रहा है। वह स्कूल छोड़ देगा तो आसानी से उस तक पहुंचा जा सकेगा। यही नहीं अपार आईडी को डिजिलॉकर से लिंक किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस आईडी को बनाने के लिए किसी प्रकार दबाव नहीं डाला जा रहा है। पालक यदि सहमति नहीं देते हैं तो आईडी भी नहीं बनाया जाएगा। वहीं त्रुटियों के चलते भी छात्र इस यूनिक आईडी से वंचित हो जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



### मीसाबंदी से मुलाकात

**सरायपाली।** जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी ने मीसाबंदी एव जनसंघी जगदीश लाल उपोवेजा से उनके निवास पहुंच कर आशीर्वाद लिया।

### पार्षद हाफिज विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा नगरपालिका परिषद महासमुंद के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद हाफिज कुरैशी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस दौरान उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगरपालिका में उनका स्वागत किया।



### मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें 45 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। यह कार्यक्रम डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर आयोजित किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ एचएल जांगड़े बीएमओ, शीतल सिंह बीपीएम, प्रदीप कुमार साहू आरएमए उपस्थित हुए। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल वर्कर, खोमन लाल साहू सीनियर साइकेट्रिक नर्स द्वारा मानसिक रूप से ग्रस्त मरीजों को देखा गया।

## आयोजन : झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा नगर

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा सामूहिक विवाह में 38 जोड़ों की हुई शादी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा**

नगर में श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर

- पिथौरा में भव्य शोभायात्रा, वर-वधू को दिए गए उपहार

पर भव्य आयोजन का साक्षी बना पिथौरा। जहां एक ओर 38 जोड़ों ने सामूहिक विवाह में सात फेरे लेकर अपने नवजीवन की शुरुआत की, वहीं दूसरी ओर शाम को निकाली गई शोभायात्रा ने नगर को भक्तिरस में डुबो दिया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम जन्मोत्सव समिति पिथौरा द्वारा किया गया था। प्रातः काल स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात पंजीकृत वर-वधू के परिजन मंडप स्थल पर एकत्रित हुए। नगर के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया।समिति द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को दैनिक उपयोग की सामग्री से लेकर आभूषण तक भेंट किए गए। विभिन्न समाजों के लोगों ने भी विदाई के समय उपहार प्रदान कर शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन को सफल बनाने में आकाश अग्रवाल, अनंत वर्मा, देवेश निषाद, वीरेंद्र तिवारी, नंदू महंती, तेजराम पटेल, जितेंद्र सिन्हा, कौशल मानिकपुरी, मोनू सलूजा, अरविंदर छाबड़ा, गोपाल शर्मा, विक्की सलूजा, अनिमेष डे, राजा शुक्ला, नरेंद्र डड़सेना, दीपक सिन्हा, पुष्प कांत पटेल, ओम सिन्हा, राजा खनूजा, पोलेष मिश्रा, अनमोल चावला सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संतोष गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनंत सिंह वर्मा द्वारा किया गया।



**शाम को निकली भव्य शोभायात्रा**

संध्या समय भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व श्रीहनुमान की जीवंत झांकियों के साथ नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वाराणसी से आए माता काली नर्तक दलों ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीजे की भक्तिमय धुनों, रंग-बिरंगी सजावट और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

### गणमान्य अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, साध्वी प्रज्ञा भारती रायपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, श्रीराम जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

### विधायक संपत अग्रवाल ने दिया आशीर्वाद

शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है और विवाह जैसे खर्चीले कार्य को सरल बनाया जा सकता है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड नामयज्ञ 12 को

### कीर्तन का आयोजन, धूमधाम से मनाने तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

नगर के श्री हनुमान राम जानकी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीहनुमान का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस हेतु समिति व नगरवासियों द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के आयोजक श्री हनुमान सेवा समिति ने बताया कि 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम है। श्री हनुमान राम जानकी मंदिर में एक दिन पूर्व 11 अप्रैल से मंदिर में 48 घंटे तक लगातार चलने वाले श्री नामयज्ञ अखंड कीर्तन का प्रारंभ 11 अप्रैल दोपहर 12 बजे से 12 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इस नामयज्ञ कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में संचालित कीर्तन मंडलियों द्वारा निर्धारित समय तक श्री रामयज्ञ का संगीतमय कीर्तन आयोजित है। दूसरे दिन 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रातः 5.15 बजे से प्रांभ होगा व उसके समापन पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा। श्री हनुमान सेवा समिति ने सभी नगरवासियों व श्रद्धालुओं को श्री रामनवमीं एवं हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है।

**भेंट**



**नर्रा।** खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोमाखान उपाध्यक्ष प्रदीप यादव समेत ग्राम पंचायत खट्टी के सरपंच प्रतिनिधि यादराम सिन्हा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उपसरपंच रोशन तारक, धनसिंह सिन्हा, शिवचरण कुर्रे, महेंद्र पटेल इत्यादि ने मुलाकात कर राधा कृष्ण भगवान की प्रतिमा भेंट की।



### जंवारा का हुआ विसर्जन

**नर्रा ।** चैत नवरात्र पर ग्राम नवाडीह में ज्योत जंवारा का विसर्जन यात्रा निकली जिसमें अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ सुवरमार राज सर्कल भालूचुवां के पदाधिकारी में नारायण सिंह ठाकुर संयोजक, तूफान दीवान, मीडिया प्रभारी देवी सिंग ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, डोमन ठाकुर, मिलाप ठाकुर, नीलसिंग ठाकुर, चैनू ठाकुर, अनेश्वर ठाकुर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण विसर्जन यात्रा में शामिल हुए ।

# जैन समाज द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर लोहिया चौक में मंत्रोच्चार, प्रवचन एवं सम्मान सभा आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

उपाध्याय प्रवरगण परम पूज्य आध्यात्मयोगी महेंद्रसागर जी मसा एवं युवामनीषी मनीषसागर जी मसा के सुशिष्य परम पूज्य विशुद्धसागर जी मसा आदि ठाना-2 की पावन निश्रा में विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लोहिया चौक में 9 अप्रैल को प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप रखा गया है।

इस जाप का आयोजन विश्व के 109 देशों में एक साथ एक समय पर किया जा रहा है। महासमुंद में इस जाप का आयोजन सकल जैन श्री संघ के तत्वाधान में किया जा रहा है। नवकार महामंत्र जैन धर्म का मूल मंत्र है जिसे प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव जी ने दिया था। इस कार्यक्रम में शहर के सभी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और नवकार मंत्र की महिमा सभी के समक्ष रखेंगे। इस मंत्रोच्चार के पश्चात पूज्य मसा का प्रवचन होगा। अंत में जैन समाज के साधु साध्वियों के आवागमन के उपरांत सहयोग करने वाले अन्य समाज के सहयोगियों का सम्मान जैन समाज के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद महासमुंद शाखा की तरफ से प्रसाद वितरण किया जाएगा और श्री शांति विजय भक्त मण्डल की तरफ से नवकार यंत्र भेट स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

नवकार महामंत्र की महिमा का वर्णन करते हुए जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने बताया की इस मंत्र का जाप करने से सभी प्रकार की परेशानियां नष्ट हो जाती है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण मंत्र है जो अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं जग में जितने साधुगण हैं सबको नमस्कार करता है। यह एक आत्मकल्याणकारी मंत्र है जो आत्मा को पवित्र करता है और समस्त पापों का नाश करता है। नवकार मंत्र के जाप से पाप कर्मों की बेड़ियां कट जाती है। नवकार मंत्र का जाप करने वाला व्यक्ति निडर और आत्मविश्वासी बन जाता है।

सकल जैन समाज महासमुंद सभी समाज, राजनैतिक दलों, शासकीय कर्मचारियों, व्यापारीयों, संगठनों एवं सभी आमजनों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का निवेदन करता है। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के सचिव रितेश गोलछा ने प्रदान की।

# नपा उपाध्यक्ष को तरबूज से तौला



**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के जन्मदिन पर शहर के वार्ड क्र 14 रेलवे पटरी किनारे एव वार्ड क्र 19 बढ़ई पारा में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। वार्ड क्र 14 के पटरी किनारे के लोग नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को तरबूज फल से तौला, वहीं वार्ड क्र 19 बढ़ईपारा में केक काटकर जन्मदिन की खुशी मनाई गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने जन्मदिन मनाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके जनता के स्नेह दुलार का परिणाम हैं कि मैं नगरपालिका में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ हूं। जनता के हर तकलीफ का समाधान के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का आवेदन जमा हो रहा है आवेदन शीघ्र जमा करे जिसमें आप लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। जन्मदिन कार्यक्रम के आयोजन तिरीथ सोनी शरद मराठा द्वारा जनता के माध्यम से किया गया इस अवसर पर राखी मानिकपुरी, पलाश यादव, जनक साहू, अंशुराव, रोशन बग्गा, सार्थक साहू, शाहिद खान, अरशद, मुन्ना साहू, सुरेंद्र शर्मा, कृषराव, भारती साहू, आशा बाई, सुधाबाई, गंगा बाई, सहित नागरिक उपस्थित थे।

## स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल में प्रवेश प्रारंभ, वेदमंत्र पाठ के साथ गुरुकुलीय दिनचर्या

**सरायपाली।** अलेख महिमा एवं महर्शि दयानंद मठ छत्तीसगढ के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली बलौदा में शुभारंभ किया गया है। जिसका मुख्य उद्धेश्य विद्यार्थियों को शिक्षित और संस्कारित बनाकर समाज व देष के लिए आदर्श विद्वान तथा तन, मन, धन की दृश्टि से स्वावलंबी पूर्ण स्वस्थ, चरित्रवान, गुणवान, सादा जीवन उच्च विचार के साथ सर्वांगीण विकासयुक्त नागरिक तैयार करना। तथा समाज में व्याप्त जात-पात, उंच-नीच, छुआछूत का भेदभाव मिटाकर आदर्श समाज का निर्माण करना है। उपरोक्त उद्धेश्य की पूर्ति हेतु स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरूकुल कटंगपाली मेधावी और जरूरतमंद छात्रों से कक्षा नर्सरी से आठवीं में प्रवेष के लिए सम्पूर्ण भारत से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। जिसकी खास विशेषता यह है कि यह शिशुपाल पर्वत के समीप शहर के कोलाहल से दूर निर्मित सुरम्य, रमणीक आकर्शक और प्राकृतिक दृष्य से सुसज्जित संस्कार युक्त स्वच्छ वातावरण। निः शुल्क नामांकन और न्यूनतम शुल्क में 8वीं तक उत्कृष्ट शिक्षा। सात्विक और पौष्टिक भोजन और उत्कृष्ट छात्रावास। छात्रों की आत्मिक उन्नति तथा उन्हें अध्यात्मवाद की ओर प्रेरित करने तथा सकारात्मक विचार और मानसिक शांति के लिए प्रतिदिन गुरुकुलीय दिनचर्या, आचार्य के मार्गदशन में दैनिक संध्या हवन यज्ञ और वैदिक संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाता है। पाठयेत्तर कौशल जैसे-शारीरिक उन्नति और आत्मरक्षा के योग्य और प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा प्रतिदिन जूडो कराते योग, व्यायाम, आसन, प्राणायाम सहित अस्त्र शस्त्र आदि का भी अभ्यास कराया जाता है, तथा इसके अतिरिक्त व्याक्तित्व विकास के लिए संगीत, खेल, वेदमंत्र पाठ भाषण आदि भी सिखाए जाते हैं।



**रामनवमी शोभा यात्रा में विभिन्न समाजों द्वारा स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था**

**पिथौरा।** रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस पावन शोभा यात्रा का नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा के दौरान करण उत्कल समाज, अघरिया समाज, मरार समाज, नगर पंचायत पिथौरा, ब्राह्मण समाज, मुस्लिम समाज, पूर्वांचल श्रमिक संघ, राजपूत समाज एवं सिख समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। सभी समाजों ने एकजुट होकर भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया। नगर में शोभा यात्रा शांतिपूर्ण और भव्य वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें भगवान श्रीराम की झांकियां, भजन मंडलियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। नगरवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार प्रकट किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**सरायपाली।** मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें डॉ एच एल जांगड़े के द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को किया गया था। जिसके चलते विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके बेहतर जीवन शैली को अपनाने के लिए भी प्रेरित करना है विश्व स्वास्थ्य संगठन दिवस स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करने समाधान सुझाने और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिवर्ष एक खास थीम निर्धारित करता है जो कि उस समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाती है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि सभी लोगों को चाहे वह किसी भी देश, जाति, धर्म या आर्थिक वर्ग से हो उसे स्वस्थ जीवन जीने के अधिकार मिले इस वर्ष 2025 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है यह थीम माताओं और नवजात शिशु के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है जिसका उद्देश्य गर्भवती महिला को प्रसव और प्रसव के पश्चात समय पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरत पर जोर देना है इसी कड़ी में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे के द्वारा बताया गया कि स्वस्थ व्यक्ति उसे कहा जाता है जो शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ हो। पहले के जमाने में जब स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी गांव में जाता था तो घरों में पूछता था कि आपके यहां कोई बीमार तो नहीं है परंतु आज हमें यह पूछना पड़ता है कि आपके घर में कोई स्वस्थ व्यक्ति है कि नहीं है। यह सब लोगों के जीवन शैली में बदलाव का परिणाम है आज समुचित चिकित्सा उपलब्ध होने के बावजूद भी तीन लाख महिलाएं प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं एवं 20 लाख शिशुओं की मौत गर्भ में हो जाता है हमें स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य के नियम को पालन करना आवश्यक है जिसके लिए प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम, योग, मानसिक शांति के लिए मेडिटेशन, पूरा नींद और काम के दौरान आंशिक विश्राम तथा पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर अपने खान पान और जीवन शैली को सुधारना है साथ ही समय पर उपवास भी रहना चाहिए ताकि आपके शरीर के हानिकारक तत्व उपवास रहने से खत्म हो सके। इस कार्यक्रम में डॉक्टर स्मृति चौधरी, बीपीएम शीतल सिंह, लैब से राजकुमार पटेल, ब्रम्ह प्रकाश कर, रूपचंद साहू व संकीर्तन बुडेक, प्रगति शर्मा, सुपरवाइजर डी फ्रांसिस, रीता गार्डिया, निर्मला, निभा विश्वास, कादिर मोहम्मद, रंगनाथ दुबे तथा अन्य सीएचसी स्टॉफ उपस्थित रहे।



## भाजपा मंडल बलौदा ने गिधामुंडा में मनाया स्थापना दिवस

**सरायपाली।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष. छग महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर एवं अन्य भाजपा के वक्ताओं का संबोधन हुआ। गिधामुंडा से बाइक रैली निकील जो बेलडीह पठार, तोषगांव, अंतर्ला, गोहेरापाली, तोरेसिंहा, मुड़पहार, सेमलिया, नयागांव, मोहगांव, पालीडीह होते हुए सिरबोड़ा पहुंची। इसके बाद आमसभा कार्यक्रम समापन हुआ। कार्यक्रम में सरला कोसरिया, कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी, मंडल महामंत्री उपेंद्र साहू, गिरीश साहू, धनेश्वर भास्कर, राजकुमार पटेल (कार्यक्रम प्रभारी), सत्यस्मिता साहू (कार्यक्रम सह प्रभारी), विजय प्रधान, देवानंद पटेल, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश साहू, गिरिजा शंकर मेहेर, सुभाष प्रधान, वेदब्यास साहू, प्रताप साहू, हेमसागर साहू, पद्मिनी भोई, दीनता कुम्हार, उद्धव नंद, झनकराम मिरी, सुरेश कुम्हार, महेंद्र साहू, अभिमन्यु नैरोजी, दीपक डड़सेना, नीलांचल पांडे, मोहित रौतिया, घनश्याम भोई, दयानिधि जाल, बृंदावन पटेल, निरंजन कठार, जितेंद्र प्रधान, प्रताप जाल, सन्नी नायक, थबीरप्रसाद नैरोजी, रेशम पटेल, पितांबर साव, कुलदीप साहू, महेंद्र नायक, चंद्रमा नेरोजी (सिरबोड़ा सरपंच) पंकजनी भोई, बबली बुड़ेक, मालती सिदार, मोहन बाघ अंजना राजहंस, गंगाराम बुड़ेक, किया भोई, भोलाशंकर नंद, उत्तर कठार, मधुमंगल छत्तर, प्रदीप छत्रपति, नारायण भोई (पंचगण)भाजपा कार्यकर्ता, माताएं, बहनें, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल सोरिद के वरिष्ठ व्याख्याता महानंद को दी गई विदाई


**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल सोरिद में पदस्थ धरम सिंह महानंद वरिष्ठ व्याख्याता सामाजिक विज्ञान एवं (प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल सोरिद ) को अपनी अर्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर 31 मार्च को विदाई दी गई।

महानंद 17 अगस्त 1982 से 31 मार्च 2025 तक सहायक शिक्षक, शिक्षक संकुल समन्वयक एपीसी सर्व शिक्षा अभियान में लगभग 20 वर्ष और शिक्षक की जीवन में लगभग साढ़े 19 वर्ष कुल मिलाकर 42 वर्ष 8 महीने और 15 दिन की सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत हुए। विदाई एवं सम्मान समारोह में समस्त स्टाफ हाई स्कूल सोरिद समस्त स्टाफ पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद समस्त स्टाफ, प्राथमिक शाला सोरिद पूर्व प्रधान पाठक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद सरिता तिवारी, प्रमोद तिवारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, ग्राम पंचायत सोरिद के नवनिर्वाचित सरपंच जानकी प्रहलाद ध्रुव, एवं गांव के गणमान्य नागरिक एवं पंचगन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने दी।



HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-6) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड रामायण ज्ञान समारोह आज से

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में 8 अप्रैल मंगलवार से 11 अप्रैल शुक्रवार तक समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक में त्रिदिवसीय अखंड रामायण पाठ समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें बाहर की मंडलियों द्वारा मानसगान की प्रस्तुति दी जाएगी। मंगलवार को संध्या 4 बजे कार्यक्रम स्थल पर आचार्य संतोष शर्मा द्वारा स्थापित भगवान राम व सत्यनारायण की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। इस आयोजन के लिए अध्यक्ष हरीश यादव, उपाध्यक्ष संतोष विश्कर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश निषाद, सचिव भानू निषाद, सहसचिव चंद्रिका यादव तैयार के लिए जुटे हैं।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण कल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ बरोडा चौक महासमुंद में आयोजित है जिसमें कक्षा पांचवी से 12वीं, महाविद्यालय तक नौ वर्गों में आयोजित परीक्षा में मेरिट सूची में आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही साथ संबंधित संस्था के संस्था प्रमुखों एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। अतः संबंधित संस्था प्रमुखों एवं प्रभारी शिक्षकों से, एवं ब्लॉक मेरिट सूची में आए हुए सभी छात्र-छात्राओं से व सभी गायत्री परिजनों से आग्रह किया गया है कि वे सभी निर्धारित समय के पूर्व गायत्री शक्तिपीठ बरौडा चौक में उपस्थित होने की कृपा करें।

### सुशासन तिहार का पहला चरण आज से

**बागबाहरा।** राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जाना है। जिसके तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के समस्त वर्गो को मिले इस प्रथम चरणों में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से पुराना नगर पालिका कार्यालय, बागबाहरा में आवेदन प्राप्त किये जाएंगे तथा समाधान पेटी एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी आवेदन किये जा सकते है, जिसका सह उचित निराकरण किया जाना है।

### पचेड़ा में मानस गान सम्मेलन कल से

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा मे बजरंग मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 9 अप्रैल बुधवार से त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है जिसमे दूरस्थ अंचलों से ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों का मंचन होगा और इस कार्यक्रम के तहत लोगों को ज्ञान रुपी गंगा में डुबकी लगाकर अपने संसारिक जीवन को कृतार्थ करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बजरंग मानस परिवार पचेड़ा के सदस्यों ने गांव के समस्त ग्रामवासी को सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने दी है।

---



खट्टी मे ज्योत जंवारा विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

**धर्म : हर्षोल्लास के साथ मनाया राम जन्म उत्सव, शोभायात्रा निकली**

# भगवान की आकर्षक झांकी के साथ रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में रविवार को राम जन्मोत्सव के अवसर पर रामजानकी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रामजानकी मंदिर आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि राम जन्म उत्सव के अवसर पर सामूहिक अखंड रामायण पाठ किया गया। भगवान का सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के जाप के साथ स्नान अभिषेक किया गया। भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए गए विभिन्न प्रकार के आभूषण व फूलों से श्रृंगार किया गया।

दोपहर 12 बजे रामलला जन्म उत्सव की महाआरती की गई। ततपश्चात घंटे, नगाड़ा, शंख ध्वनि के बीच पूजा आरती हुई। ग्राम के मुख्य मार्ग से बालिकाओं ने राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमानजी वेशभूषा में जीवंत झांकी को विराजित कर, शोभायात्रा प्रारंभ किया। शोभायात्रा रामजानकी मंदिर चौक से साहू पारा, सुभाष चौक, सरस्वती चौक, भाठापारा, बरबसपुर रोड़ से होते हुए, आजाद चौक, गौरागौरी चौक, चंद्राकर पारा से भक्तिमय वातावरण के साथ बैंड बाजे की धुन पर लोग जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में भगवान स्वरूप बालिकाओं की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान श्रद्धालु पैदल हाथों में भगवा झंडा लेकर, भक्तिमय गीत के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं बैंड बाजे की धुनों पर भगवा वस्त्रों में बालिकाएं व युवा झूमते नजर आएं। शोभायात्रा पर जगह-जगह स्वागत द्वारा बनाकर पूजा अर्चना किया। चौक चौराहों में आतिशबाजी की गई। सनातन सेवा समिति के सदस्यों ने विशाल भगवा झंडा लहराकर प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भगवान के दर्शन किया। रात्रीय 8 बजे कार्यक्रम स्थल पर रामायण मानस पाठ का समापन किया गया। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी प्राप्त किया। इस अवसर पर सनातन सेवा धर्म समिति के सदस्यों सहित ग्रामीण बच्चे, महिलाएं उपस्थित रहे।





### जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे के साथ निकाली शोभायात्रा : अशवंत

**महासमुंद।** बिरकोनी में रामनवमी के उपलक्ष्य में रामनवमी शोभा यात्रा समिति बिरकोनी की ओर से रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी. भव्य शोभा यात्रा में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

## नवमीं को जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

चैत नवरात्र पर ग्रामीण क्षेत्र के नर्रा सहित ग्राम परकोम खट्टी बिंद्रावन, उखरा, परसुली, राटापाली, नक्टापार, पतेरापाली(स ) एवं पंडरीपानी के पर्रा पाठ पहाड़ी निर्माणधीन वैष्णोदेवी मंदिर समेत शाकंभरी मंदिर शीतला मंदिरों व घरों मे ज्योत जंवारा का उत्सव मनाया गया, जिसमें मनोकामना का ज्योत प्रज्वलित किए गए थे नौ दिनों तक माता जस सेवा गीत श्रद्धा भक्ति के साथ श्रद्धालु माता की आराधना मे जुटे रहे। पंचमी तिथि पर माता रानी को विशेष श्रृंगार सामग्री चुनरी एवं श्रीफल अर्पित किया गया, वहीं शनिवार दुर्गाष्टमी पर हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। नवरात्र के रविवार नवमीं पर ज्योत जंवारा का विसर्जन शोभा यात्रा गांव मे निकाली गई, जहां महिलाएं सफेद साड़ी धारण कर खुले बाल में कलश टोकरी लेकर मे बोए गए जंवारा को सिर पर रख कर निकली। सेवा जसगीत मंडलियों द्वारा मांदर झांझ मंजीरा की थाप पर थिरकते गाते हुए घर से तालाब पहुंचे जहां विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।



**ज्योत जंवारा का विसर्जन**

नर्रा। चैत नवरात्र पर ग्राम उखरा के शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा का आयोजन किया गया था। नवमी तिथि को गांव मे मांदर के थाप पर जसगीत गाते हुए ज्योत जंवारा की विसर्जन शोभा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या मे शामिल हुए।

### भगवान राम के आदर्शों को सभी अपनाएं : अमर



**महासमुंद।** ग्राम बड़गांव में राम जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि आदर्श पुरुष थे, जिनके जीवन मूल्यों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में भव्य झांकियां, रामलीला और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। राम नाम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन के अंत में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्रीराम नवमीं पर विभिन्न मंदिरों में नपाध्यक्ष ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नवरात्र के अंतिम दिवस रामनवमीं के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों सहित श्रीराम जानकी मंदिर व दलदली रोड स्थित महाकाली मंदिर पहुंचे। श्री साहू हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। अन्य हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना कर शहर की खुशहाली, सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। श्रीराम जानकी मंदिर कुर्मीपारा में उन्होंने सपरिवार पहुंचकर प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा की। वहीं, ग्राम बेलसोंडा के श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा में भी शामिल हुए। दलदली रोड वार्ड 11 स्थित काली मंदिर में नवकन्या भोज कार्यक्रम में शामिल होकर माता स्वरूपा 9 कन्याओं की पूजा कर आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने रामनवमीं पर्व पर हुए आयोजनों को लेकर कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों से भरा है। मानव रूप में स्वयं जगत के पालनहार ने धरती पर अवतरित होकर मानव जाति हो संयम, धैर्य, मानवता, कर्तव्यपरायणता, मर्यादित जीवन, बड़ों का आदर, समाज में सद्भावना की सीख दी। भगवान श्रीराम भारत की पहचान है।



---

## खल्लारी विधानसभा में 13 नवीन सहकारी समिति गठन : अलका

**बागबाहरा।** विष्णु के सुशासन विष्णु के सुशासन मोदी के गारंटी तहत खल्लारी विधानसभा में 13 नवीन सहकारी समिति गठन होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नवीन सेवा सहकारी समिति गठन होने की सूचना राज्य सरकार द्वारा राज पत्र में 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित की है जिससे क्षेत्र के हजारों किसान भाइयों में खुशी के लहर है आज विष्णुदेव साय की सरकार ने गांव गरीब किसान महिला युवा मजदूर व्यापारी सभी वर्गों की चिंता कर रही है ऐसे में 13 नवीन सहकारी समिति गठित होने से खल्लारी विधानसभा के हजारों किसान भाइयों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होने जा रहे हैं उक्त बातें अलका चंद्राकर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने कहीं अलका चंद्राकर पिछले 15 वर्षों से गांव-गांव ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर किसानों के सुख-दुख में हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है ऐसे में किसानों द्वारा नवीन समिति की मांग किया जा रहा था 13 नवीन सहकारी समिति अंतर्गत 61 गांव के किसान भाई को लाभ मिलेगा नवीन सहकारी समिति में बीकेबाहरा ओंकारबंद, दारगांव, डोंगरगांव, झिटकी, साल्हेभाटा, बोईरगांव, घोटियापानी, कलमीदादर, कौसर, कोलदा, नवागांव कला, धनोरा हैं। अलका ने नवीन सहकारी समिति गठन होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विभागीय मंत्री केदार कश्यप, अरुण साव, ओपी चौधरी, सांसद रूप कुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया है।



## पटपरपाली में मनाया स्वच्छता श्रमदान के साथ भाजपा स्थापना दिवस

**तेंदूकोना।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल एवं छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव सरकार द्वारा ₹सुशासन तिहार 2025₹ 8 अप्रैल से हर ग्राम पंचायत में मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में आज ग्राम पंचायत पटपरपाली में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू के आतिथ्य में ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्वच्छता श्रमदान के तहत ग्राम एवं पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण में सरपंच, उपसरपंच, पंचों, महिला समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि ने अपना श्रमदान कर साफ सफाई किये। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं अटल बिहारी वाजपेयी को धूप दीप जलाकर माल्यार्पण कार्यक्रम का आरंभ किया गया। अपने उदबोधन में पूर्व सांसद भाजपा के संघर्ष एवं विकास को बताए साथ ही आजादी के लड़ाई में क्षेत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही करहीडीह सरपंच रामेश्वर साहू को गमछा पहना कर विधिवत भाजपा की सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय ने की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नर्रा जनपद सदस्य लोचन राम पटेल, सम्हर जनपद सदस्य तारकेश्वरी पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, करहीडीह सरपंच रामेश्वर साहू, बिहारी सिन्हा, सुरित साहू, लक्ष्मन साहू, ज्वाला प्रसाद दुबे, उपसरपंच चैतराम साहू, पंच श्रीमती थलेश्वरी साहू, हवन्त साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांतिबाई साहू, मोहन साहू, गमला यादव, प्रेमलता साहू, राजू तिवारी, चेतन साहू, संजय साहू, सुमित यादव एवं बहुआत संख्या में महिला समूह एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।



## पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन 8 से 22 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार "पोषण अभियान" के अंतर्गत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक "पोषण पखवाड़ा 2025" का आयोजन पूरे जिले में किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला, विकासखंड, ग्राम एवं प्रत्येक केंद्र स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आपसी समन्वय से किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और संस्थाओं से इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। पोषण पखवाड़ा के दौरान जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही पोषण ट्रेकर में उपलब्ध बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सी-मैम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवन शैली की जागरूकता को प्रमुखता दी जाएगी। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व सहायता समूहों, महिला मंडलियों, नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी, एनएसएस और निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की भागीदारी भी इस अभियान को प्रभावी बनाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग गतिविधियों का कैलेंडर अनुसार प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और इस पखवाड़े को जनहित में सफल बनाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें।

**जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस**

## भाजपा का सफर विषम परिस्थितियों में संघर्षमय रहा : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में, भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम 6 अप्रैल को भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि एवं बीज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू की उपस्थिति में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजाअर्चना कर मनाया गया। स्थापना दिवस के मंचीय कार्यक्रम के पूर्व जिला कार्यालय में झंडोत्तोलन कर भव्य आतिशबाजी की गई। भाजपा कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जनसंघ से लेकर 6 अप्रैल 1980 को गठित हुए भाजपा का सफर विषम परिस्थितियों में बहुत संघर्षमय रहा है। भाजपा के गठन पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने भी भाजपा के स्थापना दिवस रामनवमी के पावनपर्व की सभी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की कल्पना एक ऐसे राष्ट्रनिर्माण की निर्माण की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से प्रगतिशील प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो। प्राचीन भारतीय सभ्यता, संस्कृति से प्रेरणा लेते हुए भारत विश्वशक्ति और



विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो। जिलाध्यक्ष येतराम ने कहा की भाजपा सरकार के शासनकाल में देश अंत्योदय, सुशासन, विकास और समृद्धि की ओर बढ़ चला है। कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि देशभक्त वीर महापुरुषों के त्याग, तपस्या और बलिदान से देश को आजादी तो मिली, पर देश में सर्वाधिक समय तक शासन में रही कांग्रेस पार्टी के परिवाद और तुष्टिकरण की ओछी मानसिकता के चलते देश पर विदेशी ताकतों का हुकूमत चलता ही रहा। देश के बंटवारे के साथ देश के इतिहास का कलंक और काला अध्याय आपातकाल का दौर कांग्रेस का दिया हुआ वो भयावह पीड़ा है जो देश कभी नही भूलेगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा और आभार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, कार्यक्रम की शहर संयोजक पूर्व वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, राहुल चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष कौशल्या बंसल, संदीप दीवान, प्रकाश शर्मा, पार्षद नईम भाई, शुभ्रा शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, सूर्यवंशी, माखन पटेल, पीयूष साहू, शंकर चंद्राकर, मुन्ना साहू, अनिस बग्गा, आनंद साहू, राकेश सचदेवा, रामेश्वर पटवा, गिरि महाराज, सुनीता देवांगन, सुनीता साहू, समीर करकसे, बंटी शर्मा, शरद राव, उषा पाल, सुनीता देवांगन, गोविंद ठाकुर, जितेंद्र साहू, विशन, जग्गु छुरा, गणेश नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।